Poems

Poet: *Brahma Kumaris*

होली की सबको बधाई

इस धरती पर सबसे प्यारा, अपना भारतवर्ष है
हम भारत के रहने वाले, हमको बेहद हर्ष है;
रंगों की फुहार देखो, होली साथ में लाई
होली की सबको बधाई हो बधाई...||

बुराइयों को जलाते जाना, कहती है यह होली
खुशियों को है बांटते जाना, कहती है यह होली;
रूठो को है मनाते रहना, कहती है यह होली
बिछुड़ों को भी मिलाते रहना, कहती है यह होली;
प्रेम-प्यार का देता संदेशा, होली का ये पर्व है
हम भारत के रहने वाले, हमको बेहद हर्ष है;
सप्त रंग की इंद्रधनुष सी, होली साथ में लाई
होली की सबको बधाई हो बधाई...||

भले कर्म है करते जाना, बुरे कर्म से बचना-बचाना
मीठी बोली सबको सुनाना, मीठा बनना और बनाना;
सबको दुआएं देते जाना, सबकी दुआएं लेते जाना
आशीर्वाद लुटाते जाना, सबको गले लगाते जाना;
अध्यात्म प्रधान देश अपना, होना फिर उत्कर्ष है

हम भारत के रहने वाले, हमको बेहद हर्ष है;

आनंद का उपहार देखो, साथ में होली लाई

होली की सबको बधाई हो बधाई...||

" ॐ शान्ति "

BK Google: www.bkgoogle.org (*search engine)* **Website**: www.shivbabas.org